हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, रविवार, 30 नवंबर 2025
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 17.2 डिग्री
न्यूनतम 7.2 डिग्री

4
एंबुलेंस सिस्टम की हाईटेक मॉनिटरिंग, लाइव लोकेशन होगा पुलिस और एसडीएम के पास होगी



**खबर संक्षेप**

### विभिन्न मुद्दों को लेकर फेडरेशन ने सौंपा ज्ञापन

**जशपुरनगर।** सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ने स्थानीय मुद्दों को लेकर अपर कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन। संघ ने मांग किया कि शासकीय विद्यालय में पहले एक पाली में लगने वाली शाला का संचालन समय 10 से 4 तक था, जो की ठंड को देखते हुए जिला स्तर से 9 बजे से 3 बजे तक किया गया है। संघ की मांग है कि इसे 10:30 बजे से 3:30 किया जाए या यथावत 10 से 4 ही रखा जावे। प्रधान पाठक प्राथमिक शाला के पदोन्नति हेतु आवश्यक कार्रवाई जैसे पात्र शिक्षकों की सूची प्रकाशित करना और उनका सीआर मंगवाना जैसा मांग भी रखा गया। बीएलओ जैसे अधिकांश गैर शिक्षकिय कार्य में अधिकांशत सहायक शिक्षक एवं शिक्षकों की ड्यूटी लगती है। संघ ने अनुरोध किया कि इसमें व्याख्याताओ की भी ड्यूटी लगाई जाए। संघ ने एक और प्रमुख मुद्दा मध्यान भोजन एवं उसकी मेनू संबंधी रखा। सत्र 2025- 26 हेतु जिला स्तर से स्पष्ट मेनू और प्रति बच्चे प्रतिदिन के हिसाब से स्व सहायता समूह से प्राप्त होने वाली खाद्यान्न सामग्री संबंधी स्पष्ट आदेश जिला स्तर से निकालने हेतु संघ ने मांग रखी।

### उद्योग स्थापित करने दी गई जानकारी



**जशपुरनगर।** शनिवार को दुर्गा मंदिर प्रांगण बगीचा, जिला जशपुर में उद्यमिता शिविर के माध्यम से उद्यमी एवं बैंकर्स बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बगीचा नगर पंचायत अध्यक्ष प्रभात सिद्धाम एवं उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा द्वारा किया है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्षद एलआर चौहान एवं राज किशोर जायसवाल के साथ व्यापारी संघ के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल उपस्थित थे। कार्यक्रम में बैंक का प्रतिनिधित्व एसबीआई से प्रीतम टोप्पो पीएनबी से पीडी एक्का राहुल तिवारी जी ने किया। महाप्रबंधक एमएस पैंकरा द्वारा औद्योगिक नीति 2024-30 के बारे में उद्यमियों से विस्तृत चर्चा की गई एवं शासन द्वारा प्रदत्त अनुदान से संबंध में चर्चा की गई। कार्यक्रम में विभाग द्वारा संचालित स्वरोजगार योजनाओं च्डम्ळच एवं च्डथ्डम् की जानकारी दी गई। बैंक प्रतिनिधि प्रीतम टोप्पो द्वारा उद्यमियों हेतु बैंक से संबंधी दस्तावेजों की जानकारी दी गई एवं उद्यम स्थापना हेतु सिबिल मजबूत रखने हेतु जागरूक रहने को कहा गया। कार्यक्रम में उपस्थित उद्यमियों द्वारा उद्योग स्थापना से संबंधित सवाल पूछे गए। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष, पार्षद एवं महाप्रबंधक एम एस पैकरा जिला व्यापार उद्योग केंद्र, कार्यपालन अधिकारी अंत्यावसाई योगेश ध्रुव, व्यापारी संघ अध्यक्ष राजेश अग्रवाल सहित 40 उद्यमी उपस्थित रहे।

## लोदाम पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा करोड़ों का माल

# दो ट्रकों से 200 बोरी गुटखा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ बिल्टी नंबर और वाहन नंबर में अंतर से खुला राज

जिला पुलिस ने शनिवार को लोदाम थाना क्षेत्र में घेराबंदी कर दो ट्रकों से भारी मात्रा में अवैध रूप से रखा गुटखा जब्त किया है। दोनों वाहनों में सौ-सौ बोरी गुटखा भरा हुआ था। गुटखा को वैध कागजों के नाम पर गलत नंबर डालकर भेजा गया था।

पुलिस के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह को सूचना मिली कि लोदाम थाना क्षेत्र में बड़ी मात्रा में अवैध रूप से गुटखे का परिवहन किया जा रहा है। एसएसपी के निर्देश पर पुलिस टीम ने 29 नवंबर की सुबह लोदाम थाना क्षेत्र में अशोक लीलेंड ट्रक क्रमांक यूपी 78–0511 और यूपी 78–केटी 7986 को रोका। तलाशी लेने पर दोनों वाहनों से 100-100 बोरी गुटखा, कुल 200 बोरी बरामद हुआ। जांच के दौरान पुलिस ने ट्रकों के दस्तावेज और बिल्टी की पड़ताल की। माल की बिल्टी नंबर और गाड़ी नंबर अलग-अलग पाए जाने पर, पुलिस को अवैध परिवहन की आशंका पुख्ता लगी। प्राथमिक जांच में सामने आया कि गुटखा को वैध कागजों के नाम पर गलत नंबर डालकर भेजा गया था।




### पुलिस ने किया जब्त

अवैध परिवहन की पुष्टि होते ही पुलिस ने बीएनएसएस की धारा 106 के तहत दोनों ट्रकों में भरा गुटखा जप्त कर लिया है। मामले में अग्रिम जांच जारी है और पुलिस यह पता लगा रही है कि गुटखा किससे लोड हुआ था और जशपुर होते हुए कहां खपाने की कोशिश की जा रही थी।

### नशे के कारोबारियों की खैर नहीं

एसएसपी शशि मोहन सिंह ने बताया कि ऑपरेशन आघात के तहत जिले में नशे के सभी रूपों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि जशपुर पुलिस नशे के सौदागरों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस पर काम कर रही है। अवैध कारोबार करने वालों पर लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

# अवैध उत्खनन के खिलाफ वन विभाग की बड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ जेसीबी मशीन जब्त, आरोपी पर वन अपराध प्रकरण दर्ज



बगीचा वन परिक्षेत्र के परिसर रेंगले अंतर्गत वन कक्ष क्रमांक पीएफ-1332 में अवैध उत्खनन की सूचना प्राप्त होते ही वन विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के विरुद्ध वन अपराध प्रकरण दर्ज किया है।

25 नवम्बर 2025 की रात्रि में प्राप्त सूचना के आधार पर वनमंडलाधिकारी जशपुर के निर्देश एवं उप वनमंडलाधिकारी पत्थलगांव के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्राधिकारी बगीचा, वन परिक्षेत्राधिकारी पत्थलगांव तथा वन कर्मचारियों की टीम ने तत्परता से मौके पर दबिश दी। जांच में पाया गया कि आरोपी राजेश यादव निवासी गुरम्हाकोना, द्वारा जेसीबी मशीन की सहायता से अवैध रूप से मेड़ एवं खेत निर्माण हेतु उत्खनन किया गया था। टीम के पहुंचने से पूर्व आरोपी जेसीबी लेकर फरार हो गया। इस संबंध में वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। आगे की कार्रवाई में 28 नवम्बर 2025 को लगभग 11 बजे गुरम्हाकोना में आरोपी के निवास पर दबिश दी गई, जहां अवैध उत्खनन में प्रयुक्त जेसीबी मशीन को जब्त कर परिक्षेत्र कार्यालय बगीचा में सुरक्षित रखा गया है। आरोपी सहित संबंधित अन्य व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है। प्रकरण में भारतीय वन अधिनियम, 1927 की प्रासंगिक धाराओं के तहत आगे की विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है तथा विवेचना प्रगति पर है। वनमंडलाधिकारी वन मंडल जशपुर शशि कुमार ने कहा कि वन क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध उत्खनन, अतिक्रमण अथवा वन भूमि को क्षति पहुंचाने वाले कृत्यों के प्रति विभाग की नीति पूर्णतः शून्य सहनशीलता की है। प्राप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जेसीबी मशीन जब्त की गई है एवं आरोपी के विरुद्ध सख्त दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

# सर्व ब्राह्मण समाज ने कहा- एसआईआर में समाज के सभी लोग करें सहयोग

**जशपुरनगर।** भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन एसआईआर के तहत मतदाता सूची अद्यतन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। इसके लिए छत्तीसगढ़ शासन के कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर संबंधित फार्म प्रदान कर दिए गए हैं जिस फार्म पर मतदाता अपना एवं अपने परिवार के सदस्यों का विवरण भरे एवं संबंधित कर्मचारियों बीएलओ के पास जमा करें आवश्यकता पड़ने पर अपने परिवार का विवरण देखने के लिए voter.eci.gov.in का उपयोग करें सर्व ब्राह्मण समाज जशपुर अध्यक्ष परमानंद मिश्रा एवं नगर पालिका पार्षद सुधीर कुमार पाठक व द्वारिका मिश्रा ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा की 4 दिसंबर 2025 से पूर्व आप स्वयं अपना अपने परिवार के सभी सदस्यों का



एसआईआर करवाएं और अपनी नागरिकता पहचान और मताधिकार को सुरक्षित करें आपकी लापरवाही आपके बच्चों के भविष्य पर भारी पड़ सकता है अपने परिवार के वोट और नागरिक अधिकारों की सुरक्षा के लिए यह अत्यंत महत्वपूर्ण है अतः इस प्रक्रिया में बिल्कुल विलंब ना करते हुए 4 दिसंबर के पूर्व अपने जिम्मेदारियां का निर्वहन करें।

### धान रकबे में आज तक करा सकते हैं सुधार

**जशपुरनगर।** किसान 30 नवंबर तक अपनी संबंधित समितियों में जाकर अपने धान के रकबे में सुधार करा सकते हैं। इससे पहले 18 से 25 नवंबर तक एकीकृत किसान पोर्टल की तहसील मॉड्यूल में फसल एवं रकबे में सुधार, नवीन पंजीयन एवं कैरी फॉरवर्ड का जो विकल्प दिया गया था। इसके तहत तहसीलदार द्वारा जो संशोधन किए गए थे, एकीकृत किसान पोर्टल से खाद्य विभाग द्वारा इस अवधि के सभी संशोधनों का डाटा सफलतापूर्वक ले लिया गया है। इसे समिति में भी देखा जा सकता है। जिला प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि जिन्होंने फसल या रकबा संबंधी सुधार कराया है या कराना चाहते हैं।

# पूर्व विधायक यूडी मिंज बने कांग्रेस के जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कांग्रेस पार्टी ने जिले में संगठनात्मक बदलाव करते हुए, पूर्व संसदीय सचिव एवं पूर्व विधायक कुनकुरी के यूडी मिंज को नया जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है।



पार्टी के इस निर्णय के बाद जिलेभर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच उत्साह और जोश का माहौल देखने को मिल रहा है। कई कार्यकर्ताओं ने इसे संगठन को नई दिशा और ऊर्जा देने वाला कदम बताया है। पार्टी नेतृत्व द्वारा जारी आदेश में यूडी मिंज को जशपुर जिला कांग्रेस कमेटी की कमान सौंपी गई है। स्थानीय राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि जशपुर जैसे राजनीतिक रूप से अहम जिले में यह बदलाव आने वाले समय में कांग्रेस की रणनीति और जनसंपर्क अभियान को नई गति देगा। यूडी मिंज को जमीनी स्तर पर मजबूत पकड़ रखने वाले नेताओं में गिना जाता है। लंबे समय से संगठन में सक्रिय रहे मिंज को जिले की राजनीतिक परिस्थितियों और कार्यकर्ताओं की समस्याओं की गहरी समझ है। उनकी नियुक्ति के बाद कार्यकर्ताओं ने उम्मीद जताई है कि कांग्रेस पार्टी जशपुर में फिर से मजबूती के साथ उभर सकती है। यूडी मिंज के चयन को इसी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। नए जिलाध्यक्ष के रूप में यूडी मिंज जल्द ही संगठन की बैठक लेकर आगामी कार्यक्रमों और रणनीति पर चर्चा कर सकते हैं। कार्यकर्ताओं को उम्मीद है कि उनके नेतृत्व में कांग्रेस जशपुर में नई गति और मजबूती बढ़ेगा।

# जिपं सीईओ ने ली प्राचार्यों की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ हायर सेकेंडरी पण्डरापाठ और टट्केला के प्राचार्यों को नोटिस

यशस्वी जशपुर कार्यक्रम के तहत सीईओ अभिषेक कुमार ने जिला पंचायत सभाकक्ष में सभी बीईओ,एबीईओ और जिले के समस्त शासकीय हाई व हायर सेकेंडरी विद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक में परीक्षा परिणाम, पाठ्यक्रम पूर्णता, कक्षा दसवीं और बारहवीं के कम अच्छे बच्चों और मेरिट में आने वाले विद्यार्थियों, जेईई और नीट की तैयारी, विद्यालय में कराए जा रहे हैं प्रयोगिक कार्यों, विद्यार्थियों की उपस्थिति और विद्यालयों की मॉनिटरिंग की गहन समीक्षा की। बैठक में जशपुर एसडीएम विश्वासराव मस्के, जिला शिक्षा अधिकारी पीके भटनागर, यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद गुप्ता ने शिक्षा गुणवत्ता वृद्धि हेतु विभिन्न बिंदुओं पर बात की।

सीईओ अभिषेक कुमार ने खराब परीक्षा परिणाम, अध्यापन में लापरवाही और अपूर्ण पाठ्यक्रम पर नाराजगी जाहिर करते हुए प्राचार्यो को कड़ी हिदायत दी। साथ ही लापरवाही बरतने वाले हायर सेकेंडरी पण्डरापाठ और टट्केला विद्यालय के प्राचार्यों को शो-काज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। विद्यार्थियों के अध्ययन को लेकर चिंता जाहिर करते हुए उन्होंने लंबी अनुपस्थिति और अवकाश वाले विषय शिक्षकों के संबंध में और अध्ययन को लेकर मासिक रिपोर्ट भी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही हायर सेकंडरी विद्यालय लवाकेरा के खराब रिजल्ट के कारणों की जांच करने के निर्देश दिए।




### जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता की आवश्यक तैयारी की जानकारी

एसडीएम विश्वासराव मस्के ने 1 दिसंबर से जिले के हाई और हायर सेकंडरी विद्यालयों में होने वाली जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के विषय में आवश्यक तैयारियों की जानकारी के साथ विद्यार्थियों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के साथ सफल आयोजन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कलेक्टर रोहित व्यास जिले में शतरंज के खेल को प्रोफेशनल रूप से विकसित करना चाहते हैं। जिले में खेल संस्कृति विकसित करना भी जिला प्रशासन का उद्देश्य है। जिला शिक्षा अधिकारी पीके भटनागर ने परीक्षा परिणाम की गिरावट और विभाग की छवि धूमिल करने वाले किसी भी प्रकार के गंभीर कृत्यो पर कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी बैठक में दी। नोडल अधिकारी विनोद गुप्ता ने समीक्षा बैठक में आगामी छमाही, प्री बोर्ड 1 और बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए बोर्ड परीक्षा के ब्लूप्रिंट के आधार पर अध्यापन, अंकों के अनुसार उत्तर लिखने का अभ्यास, सूक्ष्मता से मूल्यांकन और सुधारात्मक टीप सहित प्रत्येक दिवस तीन-तीन विषयों के डेढ़ घंटे के कालखंड के विषय में जानकारी दी। साथ ही उन्होंने बोर्ड परीक्षा की तैयारी हेतु कार्य योजना पर विस्तृत चर्चा की। समीक्षा बैठक में सांख्यिकी अधिकारी किशोर केरकेट्टा, यशस्वी जशपुर के अवनीश पांडेय सहित समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी और विद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित रहे।

## 50 किसानों ने राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना अंतर्गत किया अध्ययन भ्रमण

# जिले के कृषकों ने किया आधुनिक तकनीक का अवलोकन

**जशपुरनगर।** राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना के अंतर्गत जशपुर जिले के कुल 50 कृषकों का दल उद्यानिकी विभाग के कर्मचारियों के साथ अध्ययन भ्रमण हेतु रायपुर पहुंचा। इस भ्रमण का प्रमुख उद्देश्य किसानों को आधुनिक तकनीक, उन्नत पद्धतियों, नवीन कृषि उपकरणों तथा नवाचार फसलों की जानकारी प्रदान करना रहा।



कृषक दल को चावड़ाबाग, रायपुर में आयोजित सीबी क्रॉप शो 2025 के तीन दिवसीय कार्यक्रम का विस्तृत भ्रमण कराया गया। कार्यक्रम में 30 से अधिक सब्जियों तथा 280 से अधिक हाइब्रिड किस्मों का फसल प्रदर्शन किया गया था। साथ ही 90 से अधिक कंपनियों द्वारा बीज, खाद, दवाइयां, कृषि उपकरण एवं अन्य सामग्री की प्रदर्शनी लगाई गई। किसानों ने विभिन्न स्टॉलों एवं उद्यानिकी फसलों की जीवंत प्रदर्शनी का निरीक्षण कर नवीनतम जानकारी प्राप्त की।

### वीएनआर में उन्नत किस्मों का अध्ययन

इसके पश्चात कृषकों ने वीएनआर में ग्राफ्टेड बैंगन, टमाटर, मिर्च, पत्ता गोभी एवं फूलगोभी की उन्नत किस्मों का अवलोकन किया। विशेषज्ञों द्वारा सब्जियों के हाइब्रिड बीज उत्पादन की तकनीक भी किसानों को समझाई गई। दल ने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस (शेडनेट हाउस एवं प्रिसिजन फार्मिंग) का भी भ्रमण किया। यहां शेडनेट के अंदर टमाटर, ड्रैगन फ्रूट की फसलें तथा अंतर्वर्ती फसल के रूप में फूलगोभी व मिर्च दिखाई गईं। साथ ही गेंदा की इंटरक्रॉपिंग के मॉडल भी प्रस्तुत किए गए।

### किसानों में उत्साह, सीख को खेतों में अपनाने का संकल्प

आधुनिक तकनीकों को प्रत्यक्ष देखकर किसानों ने गहरी रुचि एवं उत्साह व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे अध्ययन दौरे उन्हें वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने की प्रेरणा देते हैं। किसानों ने बताया कि वे यहां सीखी गई उन्नत तकनीकों को अपने खेतों में अपनाकर उत्पादन एवं आय में वृद्धि सुनिश्चित करेंगे। उद्यानिकी विभाग के कर्मचारियों ने किसानों को विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की और अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। विभाग का उद्देश्य है कि जिले के कृषकों को आधुनिक एवं तकनीकी खेती से जोड़कर उनकी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बनाया जाए।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 223. संतराम महिलांग पिता\पति राम दास पता- शारदा विहार म.न.178 नगर पंचायत माना कैम्प, 224. रितिका साहू पिता\पति रामचंद साहू पता - कटोरा तालाब रायपुर, 225. संतोष कुमार सोनी पिता\पति लोचन सोनी पता - मठपारा के पास गभरापारा, 226. भुनेश्वरी वर्मा पिता\पति खोमन लाल वर्मा पता– बिरगांव, 227. दीपक कुमार सेन पिता\पति जंतू राम सेन पता - तेलीबांधा रायपुर, 228. तरुण धनकर पिता\पति भारत धनकर पता - न्यू शांति नगर रामेश्वर मंदिर के पास शंकर नगर, 229. सुनीता निषाद पिता\पति स्व. मुन्ना लाल निषाद पता- सूरज नगर लभांडी, 230. गणेश्वरी पाल पिता\पति रूपराम पाल पता - शीतला चौक मठपारा रायपुर, 231.निखिल पाल पिता\पति जग्गू राम पाल पता - कृष्णा नगर रायपुर, 232. घनश्याम साहू पिता\पति श्री हरिहर प्रसाद साहू पता - डोमा सेजबहार रायपुर, 233. भोजेंद्र देवांगन पिता\पति राजेश कुमार देवांगन पता- तर्रा सुरसाबाँधा, 234. अपर्णा साहू पिता\पति भारत साहू पता- लाल बगीचा धमतरी, 235. महेंद्र कुमार पिता\पति गुहलेद राम पता- भोथली, 236. नेहा पिता\पति जय प्रकाश पता- संजय नगर शिक्षक कोलोनी कुरूद, 237. शिवभोला वैष्णव पिता\पति स्व.प्रेम दस वैष्णव पता- अर्जुनी डोंगरगांव, 238. लक्की पिता\पति थानेश्वर पता- भटगांव धमतरी, 239. शेषनारायण दास वैष्णव पिता\पति गोबिन्द दास वैष्णव पता- मुचेदंड खुर्सीटिकल राजनादगांव, 240. सैय्यद मोहम्मद अलीम पिता\पति सैय्यद मोहम्मद अली पता- बेमेतरा, 241. काविश पाण्डेय पिता\पति अभिषेक पाण्डेय पता- भानुप्रतापपुर, 242. मयंक कुमार पिता\पति दीपक कुमार सेन पता- नवागांव, 243 अर्नव वाकचौरे पिता\पति राजेश वाकचौरे पता- गुप्ता भवन, शांति नगर जगदलपुर, 244. चांदनी तांडी पिता\पति गजेन्द्र तांडी पता- कोमाखान महासमुंद, 245. तोरणराम नेताम पिता\पति स्व. निमेंश नेताम पता-कोर्ट कॉलोनी कवर्धा, 246. भावना साहू पिता\पति गोपीचंद साहू पता- लवन, 247. योगांत यादव पिता\पति राजेंद्र यादव पता- डी. एन. के. कोंडागांव, 248. गीता देवांगन पिता\पति द्वारिका प्रसाद देवांगन पता-भिलाई -3 रेलवे कॉलोनी -7, 249. पूर्णिमा बेहेरा पिता\पति राजेंद्र बेहेरा पता-भिलाई, 250. कल्याणी साहु पिता\पति स्व. हीरा राम साहु पता-पदुम नगर भिलाई -05, 251. भारती राव पिता\पति रमेश राव पता-खुर्शिपार भिलाई, 252. गुरमीत कौर भाटिया पिता\पति उजागर सिंह भाटिया पता-गुरुद्वारा रोड संतरा बाड़ी दुर्ग, 253. आर्या देशमुख पिता\पति संजय देशमुख पता- देशमुख बाड़ा स्टेशन रोड, 254. डाली देवांगन पिता\पति बालमुकुन्द देवांगन पता- शंकर नगर दुर्ग, 255. लक्ष्मी देशलहरे पिता\पति बी.डी. देशलहरे पता-प्लाट -33 भिलाई राधिका नगर, 256. हेमा श्रीवास पिता\पति सुनील कुमार श्रीवास पता- वार्ड न. -12 जवाहर नगर भिलाई 24/29, 257. बीना पिता\पति युगल किशोर पता- अंडा, **बिलासपुर संस्करण**- 258. माया त्रिपाठी, पिता/पति- राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी पता- सागर होम्स फेस 1, बिलासपुर 259. उमा शर्मा पिता/पति इंद्रधवन तिवारी, पता- बिलासपुर 260. संगीता शर्मा, पिता/पति- रामशरण दुबे पता- कुदुदंड बिलासपुर, 261. सुशील कुमार शर्मा, पिता/पति- बहोरिक लाल शर्मा, पता- बिलासपुर 262. शांभवी दुबे पिता/ पति- मधुरंजन दुबे पता- मोपका बिलासपुर 263. ओंकार सिंह चंद्रा पिता/पति एस.एल.चंद्रा पता- बिलासपुर 264. श्रेयांश सूर्यवंशी पिता/पति- अशोक सूर्यवंशी पता- जरहाभाठा, राजींव गांधी चौक, बिलासपुर 265.बसंत बघेल पिता/पति- स्व.कपूर दास बघेल पता- कानन पेण्डारी, बिलासपुर 266. रानी अग्रवाल पिता/पति- संतोष कुमार अग्रवाल पता- तेलीपारा बिलासपुर 267. ममता सिंह राजपूत पिता/पति- विनोद राजपूत पता- मंगला बिलासपुर 268. अनंत कुमार पांडेय, पिता/पति- स्व. भास्कर पांडे, पता- एलआईजी 227, देवरीखुर्द, बिलासपुर 269.धनीलाल साकत पिता/पति- स्व. रामलाल साकत, पता- इंद्रा कॉलोनी, तारबाहर, बिलासपुर 270.रूचि यादव पिता/पति- कार्तिक राम यादव पता- बी.आर.यादव नगर, बहतराई, बिलासपुर 271.हरमीत कौर छाबड़ा पिता/पति-प्रीतम सिंह होरा पता-शिवाजी मार्ग, टिकरापारा बिलासपुर 272.सारंग पांडेय पिता/पति- संतोष पांडेय, पता- बिलासपुर,273. नारायणी साहू पिता/पति- रामकुमार साहू, पता- देवरीखुर्द बिलासपुर 274. कोमल वर्मा पिता/पति- धर्मेन्द्र कुमार वर्मा पता- कालिका नगर तिफरा, बिलासपुर 275. खिलेश साहू पिता/पति- रामनारायण, पता- श्याम नगर लिंगियाडीह बिलासपुर 276. प्रज्ञा यादव पिता/पति- ऋषिकांत यादव, पता- हांफा जिला बिलासपुर 277. ज्योति गुप्ता पिता/पति- आनंद कुमार गुप्ता, पता- दयालबंद बिलासपुर 278. दीपक जायसवाल पिता/पति- रामकृष्ण जायसवाल, पता- देव नगर कोनी, जिला बिलासपुर 279. गंगा शुक्ला पिता/पति- दिनेश शुक्ला पता- करबला रोड बिलासपुर 280. केदारनाथ शुक्ला पिता/पति- सचेतराम गुप्ता पता- लखराम, जिला बिलासपुर, **भोपाल संस्करण**- 281. छोटी बाई बंजारा पिता\पति - रामचरण बंजारा पता- सुंदरपुरा पोस्ट उकावद तहसील मकसूदनगढ़ गुना, 282. लाली गौर पिता\पति - नीलेश गौर रहटगांव, 283. ममता राजपूत पिता\पति - कैलाश सिंह पता- राजपूत रायसेन, 284. उपेन्द्र सिंह राठौर पिता\पति -बिसोनिया पता- राजगढ़, 285. लक्ष्मीनारायण साहु पिता\पति- रमेश कुमार साहु 199 शंकर नगर पलासी करोद, 286. प्रियंका पाण्डेय पिता\पति - राजकुमार पाण्डेय 608 मुरली नगर, 287. स्वीटी यादव पिता \पति - राधेश्याम यादव पीपल चौराहा करोद, 288. मेघा मालवीय पिता\पति –धनी राम राहुल नगर हर्षवर्धन नगर, **जबलपुर संस्करण**- 289. राजेश कुमार जैन पिता\पति - रमेश चंद्र जैन कोतमा अनूपपुर, 290. महेश कुमार श्रीवास्तव पिता\पति- कंचन सिंह श्रीवास्तव छपारा जिला सिवनी, 291. आदिल खान पिता\पति - सुमिर मोहम्मद छपारा सिवनी, 292. राजेश कुमार जैन पिता\पति - रमेश चंद्र जैन कोतमा अनूपपुर, 293. हंर्षराज जैन पिता\पति - रजनीश कुमार जैन कोतमा अनूपपुर, 294. काजल यादव पिता\पति - दुर्गा प्रसाद यादव गोविंद गोविंद गांव वार्ड नंबर 11 कोतमा अनूपपुर, 295. पूर्णिमा सोनी पिता\पति- कैलाश प्रसाद सोनी बिजली अनूपपुर, 296. तनिष्का चतुर्वेदी पिता\पति- H.K चतुर्वेदी अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू*
शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

